दैनिक जागरण
15-08-2024

जीएमएन कालेज की एनएसएस यूनिट ने निकाली तिरंगा यात्रा

जासं • अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला छावनी एनएसएस यूनिट द्वारा हर घर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें स्वयंसेवकों ने देश प्रेम का उद्घोष करते हुए बड़े उत्साहपूर्वक इस रैली में भाग लिया। कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मातृभूमि से प्रेम करना चाहिए। हर घर तिरंगा रैली के पीछे यह संकल्प है कि प्रत्येक व्यक्ति इस दिवस को गौरव से मनाए। कार्यक्रम अधिकारी डा. धर्मवीर सैनी ने बताया कि आजादी का अर्थ है कि व्यक्ति को अपनी संकीर्ण मानसिकता से आजाद होना है। इसी तरह कालेज में एंटी रैगिंग सप्ताह के तहत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान साक्षी त्यागी, द्वितीय स्थान अंजलि एवं तृतीय स्थान हर्षदीप कौर ने हासिल किया। जयसिंह एवं अर्जुन को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इसी तरह कालेज में हर घर तिरंगा के तहत विद्यार्थियों ने सेल्फी लेकर कालेज की साइट पर अपलोड की। इसी तरह कालेज में विद्यार्थियों व स्टाफ ने पौधारोपण भी किया।